Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 02-08-2005

Participants : Yadav Shri Parasnath

an>

Title: Need to introduce a super fast train between Jaunpur and Mumbai. – Laid.

श्री पारसनाथ यादव (जौनपुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। जनसंख्या का दबाव अधिक होने के कारण यहां पर छोटी खेती वाले गरीब लोग निवास करते हैं। आजादी के पांच दशक व्यतीत होने के उपरांत भी कोई बड़ा उद्योग अथवा कल-कारखाना नहीं लग सका, जिससे क्षेत्रीय गरीब लोगों को जीवन-यापन में सहायता मिले। मजबूरीवश लोगों को मजदूरी एवं अन्य रोजगार हेतु महानगरों में अपने परिवार के जीविकोपार्जन हेतु पलायन करना पड़ता है। पूर्वांचल से मुम्बई के लिए लगभग 80 प्रतिशत लोग रोजगार हेतु आते-जाते हैं, परन्तु मुम्बई से जौनपुर तक कोई सीधी रेल सेवा न होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती है। पूर्व में गोरखपुर से शाहगंज-जौनपुर-इलाहाबाद होकर एक फास्ट रेलगाड़ी हफ्ते में तीन दिन चलायी जा रही है, परन्तु यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण प्रतिदिन स्टेशन पर चढ़ने-उतरने में यात्रियों में झगड़ा होता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि एक सुपरफास्ट रेलगाड़ी जौनपुर से मुम्बई तक चलाने की व्यवस्था की जाये तथा गोरखपुर से जौनपुर-इलाहाबाद होकर चलने वाली गोदान एक्सप्रेस को प्रतिदिन संचालित करने का आदेश देने का कष्ट करें।